वित्तीय वर्ष 2025–26 की ए0आई0पी0 अन्तर्गत सामुदायिक शौचालयों के रख–रखाव व संचालन/चेलेंज का संक्षिप्त विवरण

गत वित्तीय वर्षों में जनपद की 574 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 563 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत की निधि एवं पी0आई0जी0एफ0 की धनराशि से कराया गया है, निर्मित सामुदायिक शौचालयों की साफ–सफाई, रख–रखाव व संचालन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जा रहा है। शेष 11 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण हेतु भूमि की अनुपलब्धता के कारण निर्माण नहीं कराया जा सका। वर्तमान में 11 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 04 ग्राम पंचायतों में भूमि की उपलब्धता हो गयी है, जिनमें ग्राम निधि में उपलब्ध धनराशि से निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जा रहा है।

निर्मित सामुदायिक शौचालयों में कतिपय सामुदायिक शौचालयों में टूट–फूट, फिटिंग, गड्ढे, जलापूर्ति एवं केयरटेकर की कमी के कारण निष्क्रियता की सूचना ग्राम पंचायत एवं विकास खण्ड स्तर से होती है जिस हेतु निष्क्रिय सामुदायिक शौचालयों को पूर्ण रूप से संचालित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, जिससे ओ0डी0एफ0 स्थायित्व बनाया जा रखा जा सके।

उक्त के साथ–साथ निकट भविष्य में ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालय, आर0आर0सी0 केन्द्र, प्लास्टिक वेस्ट प्रबन्धन इकाईयों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों को लगाया जायेगा, जिससे प्रतिदिवस संचालन गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके।